एक नजर में

पेड़ से लटककर युवक ने की आत्महत्या

गुना। फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मगरोड़ा में 35 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का संवेदनशील मामला सामने आया है। युवक सुबह घर से शौच जाने का कहकर निकला था, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। जानकारी सामने आई है कि ग्राम मगरोड़ा निवासी कन्हैयालाल सहरिया पिता बाबूलाल अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ पर फंदा बनाकर उस पर झूल गया। परिजनों ने बताया कि कन्हैयालाल सुबह घर से शौच जाने की बात कहकर निकला था। वह अपने साथ घर से एक साड़ी और रस्सी भी लेकर गया था, लेकिन उस वक्त किसी को भी उसके इस कदम पर जरा भी संदेह नहीं हुआ। घटना की भनक लगते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे, जहां युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मामले की सूचना तुरंत फतेहगढ़ थाना पुलिस को दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने युवक को किसी भी प्रकार की मानसिक या आर्थिक परेशानी होने से साफ इंकार किया है।

हादसा | एक की मौत, 9 से ज्यादा यात्री घायल, एक गंभीर घायल को इंदौर रेफर किया गया

श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

गुना 28 मई का। नेशनल हाइवे पर ग्राम रमड़ी के पास बुधवार देर रात अनियंत्रित ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में ट्रैक्टर पर सवार एक 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रॉली में बैठे 9 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक चांचौड़ा ब्लॉक के ग्राम चौपन कला से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर भैंसाना ग्राम में आयोजित महायज्ञ में शामिल होने जा रहे थे। बुधवार रात लगभग साढ़े 9 बजे जैसे ही उनका वाहन नेशनल हाइवे पर ग्राम रमड़ी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर सवार श्रद्धालुओं का कहना है कि उनका वाहन अपनी सही साइड पर चल रहा था, लेकिन ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पर बैठे लोग सीधे सड़क पर आ गिरे, वहीं ट्रॉली में सवार लोग अंदर ही गंभीर रूप से चोटिल हो गए। हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे चौपन कला निवासी 30 वर्षीय युवक इंदर अहिरवार की जमीन पर गिरने और गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाइवे पर चीख-पुकार मच गई। घायलों का आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। ऐसे में उन्होंने समय गंवाए बिना खुद ही तत्परता दिखाई और एक निजी पिकअप वाहन का इंतजाम कर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में से एक व्यक्ति की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत इंदौर रेफर किया गया है।

घायलों में यह शामिल

अस्पताल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के नाम सर्वे राव, गुलाब सिंह अहिरवार, पुरुषोत्तम मीना, कान्हा मीना, ममता अहिरवार, आरती मीना, गोविंद मीना, सावित्री बाई और संगीता बाई बताए गए हैं, जिनका उपचार जारी है। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

भोपाल जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त

उधर, एक अन्य घटनाक्रम में गुना से भोपाल जा रही कमला बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि कमला ट्रेवल्स की बस बीती रात भोपाल के लिए रवाना हुई थी। तभी एक गाय से बस टकरा गई। दावा किया जा रहा है कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बस पर पथराव कर दिया। जिसकी वजह से बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों का कहना था कि बस चालक दुर्घटना को टाल सकता था। लेकिन लापरवाही की वजह से यह हादसा हो गया।

गाय को बचाने में घायल हुए दो भाई घायल

राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ए.बी. रोड पर वृंदावन होटल के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दो बुजुर्ग भाइयों के लिए डायल-112 के जवान देवदूत बनकर सामने आए। जानकारी के अनुसार, ए.बी. रोड पर अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार दो सगे बुजुर्ग भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना 27 मई को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को मिलते ही तत्काल राघौगढ़ में तैनात एफआरवी-13 को मौके पर रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ के प्रधान आरक्षक शशिकपूर राजावत और पायलट रवि शर्मा ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाई और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों लहूलुहान बुजुर्गों को संभाला। जवानों ने तुरंत उन्हें एफआरवी वाहन से नजदीकी साड़ा अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। पुलिस की इस त्वरित और मानवीय मदद के लिए परिजनों व स्थानीय नागरिकों ने डायल-112 टीम का आभार व्यक्त किया है।

दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने देश के चुनिंदा 10 जिलों में गुना का प्रथम चयन

नवभारत न्यूज

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में आज जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांगजन जागरूकता, संवेदनशीलता एवं समावेशी अभिसरण योजना विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ विभिन्न शासकीय विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर अधिकार-आधारित सेवाओं को सुदृढ़ करना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर कन्याल ने कहा कि समाजहित में कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रयासों का सम्मान होना चाहिए और प्रशासन ऐसे सकारात्मक कार्यों में हरसंभव सहयोग देगा। उन्होंने गुना में संचालित 'समृद्धि केंद्र' की जानकारी देते हुए बताया कि देश के मात्र तीन केंद्रों में से एक गुना में है, जिसकी शुरूआत केंद्रीय मंत्री व सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाएं देने के लिए की थी। इसके माध्यम से दिव्यांगों को डिस्टेंस लर्निंग से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस राष्ट्रीय पायलट पहल कार्यशाला का संचालन पुणे के 'शोधारंभ रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन' की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जा रहा है। संस्था के निदेशक व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री समीर घोष ने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से देश के 10 जिलों में यह मॉडल प्रस्तावित है, जिसमें प्रथम जिले के रूप में गुना का चयन होना गौरव की बात है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में दिल्ली के पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. प्रवीक वशिष्ठ और मुंबई की समावेशन विशेषज्ञ कृपाली बिदाये विभिन्न तकनीकी सत्रों का संचालन करेंगे। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को अनुभवात्मक गतिविधियों और संवाद द्वारा संवेदनशील बनाया जाएगा।

हिंडोलिया परिवार ने कराया मरीजों और परिजनों को भोजन

गुना। जिला अस्पताल प्रांगण में संचालित सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में एक अनुकरणीय पुण्य सेवा किया गया। पुलिस विभाग में पदस्थ इंस्पेक्टर स्वर्गीय मोहर सिंह हिंडोलिया की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र और शासकीय जिला चिकित्सालय के हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. सूरज सिंह हिंडोलिया ने दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से जिला अस्पताल में अपने परिजनों का इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों भोजन कराया और स्वर्गीय मोहर सिंह हिंडोलिया को श्रद्धांजलि दी। गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे आयोजित हुए इस कार्यक्रम में अस्पताल परिसर में

मौजूद बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस दौरान सेवाभारती परिवार ने डॉ. सूरज सिंह हिंडोलिया के इस मानवीय और परोपकारी कदम की जमकर प्रशंसा की। सेवा भारती परिवार द्वारा पुनीत सेवा कार्य के लिए डॉ. सूरज सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया गया, साथ ही पूज्य दिवंगत आत्मा स्वर्गीय मोहर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके चरणों में नमन किया गया। बता दें कि स्वर्गीय मोहर सिंह ने पुलिस विभाग में पदस्थ रहते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए और अपनी सेवाएं। विभाग के अलावा समाज में स्वर्गीय मोहर सिंह हिंडोलिया को आज भी सेवाभावी, कर्तव्यनिष्ठ और सामाजिक छवि के व्यक्तित्व के रूप में याद किया जाता है।

गुना में चौथे दिन ही नौतपा के तेवर हुए प्रचंड, दिन में 44 .7 डिग्री तो रात का पारा 32 पार

गुना। जिला इस समय भीषण और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की चपेट में है। 'नौतपा' के शुरू होते ही सूर्य देव के तेवर इतने तीखे हो गए हैं कि पूरा जिला भट्टी की तरह तप रहा है। गुरुवार को गुना में इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया, जहां अधिकतम तापमान छलांग लगाकर 44.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर के समय हालात यह थे कि मुख्य बाजारों और सड़कों पर कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसरा रहा और लोग हीट वेव (लू) के थपेड़ों से बेहाल नजर आए।

इस बार नौतपा का सबसे अनोखा और परेशान करने वाला रूप रात के समय देखने को मिल रहा है। सूरज ढलने के बाद भी लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिल रही है, क्योंकि रात का न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आमतौर पर इतना तापमान सामान्य दिनों में 'दिन के समय' दर्ज किया जाता है, जितना इस समय गुना के लोग रात में महसूस कर रहे हैं। रात के समय गर्म हवाएं चलने और उमस के कारण घरों के पंखे और कूलर भी पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं, जिससे लोग रातभर बेचैन रहने को मजबूर हैं।

गुरुवार सुबह 10 बजते ही धूप के तेवर तीखे हो गए और दोपहर होते-होते आसमान से बरसती आग ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। जरूरी काम से बाहर निकले लोग भी चेहरे और सिर को सूती कपड़े से ढके नजर आए। लगातार चल रही हीट वेव के कारण डिहाइड्रेशन और मौसमी बीमारियों के मरीज भी बढ़ रहे हैं।

मुनि सुधा सागर महाराज की अगवानी को तैयार है गुना

गुना। आचार्य विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद से तथा निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधा सागर महाराज के ससंघ सानिध्य एवं निर्देशन में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ स्थल 'ऋषभ आयतन तीर्थ नसिया' का नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को महोत्सव से जुड़ी तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर चाक-चौबंद करने के कड़े निर्देश दिए। वर्ष 2013 के बाद मुनि सुधा सागर महाराज का गुना आगमन हो रहा है। उनकी भव्य अगवानी के लिए जिस मार्ग से मुनि संघ का प्रवेश होगा, उन सभी मार्गों पर नगर पालिका द्वारा सड़क मरम्मत, सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। 16 जून से 25 जून तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन में देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने कहा कि गुना की पावन धरा पर 13 वर्षों बाद परम पूज्य संत का आगमन हो रहा है, जो सभी गुना वासियों के लिए सौभाग्य का अवसर है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासनिक अमला पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने समस्त शहरवासियों से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, प्रभारी सीएमओ शैलेंद्र अवास्या, उपयंत्री एस के जैन, रामवीर शर्मा, शिवराज सिंह सिकरवार, नरेंद्र नोनेरिया, अमित आर्य, बृजमोहन खरे सहित जैन समाज की ओर से समिति के मंत्री प्रदीप जैन और राजेश चौधरी वैभव उपस्थित रहे।

अज्ञात बेहोश मरीज के लिए देवदूत बने समाजसेवी प्रमोद भार्गव

गुना। जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में पिछले तीन दिनों से भर्ती एक अज्ञात गंभीर घायल मरीज को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कराया है। जानकारी के अनुसार, सूचना मिलने पर प्रमोद भार्गव जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन बेहोश होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। अगले दिन मरीज का सिटी स्कैन कराया गया, जिसमें सिर में गंभीर चोट और पैर में मल्टीपल फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख उसे तत्काल बड़े अस्पताल रेफर करने की सलाह दी। इसके बाद प्रमोद भार्गव ने तत्परता दिखाते हुए मरीज को ग्वालियर रेफर कराया, जहां उनके सहयोगी इलाज की व्यवस्था संभाल रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि कोई इस घायल को पहचानता हो, तो तत्काल सूचना दें ताकि परिजनों का पता चल सके।

गुना में उत्साह के साथ मनाया गया बकरीद का त्योहार, स्वच्छता का दिया संदेश

गुना। शहर सहित अंचल में भी ईद-उल-अजहा बकरीद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह ठीक साढ़े 9 बजे शहर की बड़ी ईदगाह पर विशेष नमाज अदा की गई, जिसमें भारी संख्या में मुस्लिम समाजजन शामिल हुए। नमाज के बाद सभी ने हाथ उठाकर देश की तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए विशेष दुआएं मांगी। नमाज संपन्न होने के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार को लेकर बच्चों और बड़ों, सभी में खासा उत्साह देखने को मिला। त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद नजर आया। नमाजियों की सहूलियत के लिए प्रशासन द्वारा ईदगाह परिसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। साथ ही गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से ठंडे पानी की व्यवस्था भी कराई गई, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। ईदगाह प्रबंध कमेटी द्वारा समाज के लोगों से एक अहम आव्हान करते हुए कहा कि कुर्बानी की रस्म को पूरी तरह से पर्दे में अंजाम दिया जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी से त्योहार को मिलजुलकर और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की बात कही।

कांग्रेस नेताओं ने बड़ी ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद

ईद-उल-अदहा के पावन पर्व पर गुरुवार को शहर की बड़ी ईदगाह पर नमाज अदा करने पहुंचे मुस्लिम समाज के नागरिकों का कांग्रेस नेताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा के नेतृत्व कांग्रेसजनों ने गले मिलकर ईद की दिली मुबारकबाद पेश की गई।

हड्डीमील क्षेत्र से संदिग्ध मांस जब्त, जांच के लिए सैंपल लेकर शेष किया नष्ट

नवभारत न्यूज

गुना। शहर कोतवाली अंतर्गत आने वाले हड्डीमील क्षेत्र में संदिग्ध मांस मिलने की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने त्वरित कार्रवाई की है। सूचना मिलते ही एसडीओपी विवेक अष्ठाना की अगुवाई में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। इस संवेदनशील मामले की खबर लगते ही क्षेत्र में भारी हुजूम एकत्रित हो गया, जिसे देखते हुए मौके पर अतिरिक्त सतर्कता बरती गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वेटेनरी (पशु चिकित्सा) विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। डॉक्टरों की टीम ने संदिग्ध मांस का सैंपल लिया, जिसे वैज्ञानिक जांच और परीक्षण के लिए लैब भेजा जा रहा है। सैंपल लेने के बाद प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में शेष बचे मांस को पूरी तरह से नष्ट करवा दिया गया है। एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध व्यक्ति को चिन्हित किया गया है। लैब से जांच रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। यदि जांच में यह मामला अपराध की श्रेणी में आता है या किसी भी प्रकार के नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो चिन्हित किए गए आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

भैंसाना में राम महायज्ञ संपन्न, लाखों श्रद्धालुओं ने दी पूर्णाहूति

11 दिवसीय राम महायज्ञ में 30 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, नेताओं ने भी की शिरकत

राघौगढ़/भैंसाना। धर्म-अध्यात्म और प्राचीन संस्कृति के स्वरूप में चल रहे श्रीराम महायज्ञ का गुरुवार को लाखों श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच भव्य समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं की आस्था के सैलाब को नौतपा की गर्मी तक नहीं रोक पाई और यज्ञस्थल श्रद्धालुओं की आस्था के बीच महासंगम जैसा बन गया। इस बीच 'राम के साथ यज्ञ सम्राट गुड्डा महाराज के जयकारों के चलते भैंसाना की भूमि धन्य हो गई। जहां 11 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के त्रिवेणी अनुष्ठान के चलते लगभग 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। पिछले 18 मई से भैंसाना स्थित श्रीहनुमान आश्रम पर चल रहे 165 यज्ञकुंडीय श्रीराम महायज्ञ का समापन उस समय भव्य हो गया जब प्रदेश सहित पडोसी राज्यों के लाखों श्रद्धालुओं के बीच राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह एवं उनके बेटे विधायक जयवर्धन सिंह सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने शामिल होकर यज्ञ वेदियों पर पूर्ण आहुतियां दी। इस दौरान कम्प्यूटर बाबा सहित पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पीसी शर्मा एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने यज्ञकर्ता पंडित बृजकिशोर पारीख गुड्डा महाराज को यज्ञ सम्राट बताते हुए कहा कि अब गुड्डा महाराज इंजीनियर बाबा से कम नहीं है । जिन्होंने यज्ञस्थल को त्रेतायुग की अयोध्या की तरह सजाकर सुंदर बनाया है। उन्होंने कहा कि यज्ञ तो बहुत हुए हैं लेकिन भैंसाना जैसा यज्ञ कुंभ के रूप में पहली बार ही सामने आया है। इस दौरान कम्प्यूटर बाबा ने गुड्डा महाराज को सनातन धर्म रक्षक बताते हुए कहा कि

अधिकमास के चलते हमारा ही नहीं बल्कि लाखों श्रद्धालुओं का सौभाग्य है कि यज्ञ में श्रीराम और हनुमानजी के दिव्य दर्शन हो रहे हैं। उन्होंने दिग्विजय एवं जयवर्धन का उल्लेख करते हुए कहा कि राघौगढ़ की धरा पर पिता का कर्तव्य का पालन जयवर्धन सिंह कर रहे हैं। इस दौरान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि गुड्डा महाराज की तपस्या और उनके प्रयासों को जिंदगी की आखिरी सांस तक नही भूलूंगा। हमने हमेशा धर्म को आस्था का केन्द्र माना है। लेकिन धर्म को बेचा नहीं है ? क्योंकि धर्म हमें जोडता है और राजनीति तोडने का काम कर रहीं है ! उन्होंने कहा कि हमारे परिवार के अस्तित्व को श्री हनुमानजी की कृपा ने आगे बढाया है। इस दौरान पूर्व मंत्री विधायक जयवर्धन सिंह ने श्रीराम महायज्ञ में कई ग्रामों एवं स्वयं सेवकों की सेवा का उल्लेख किया। श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालुओं की आस्था यज्ञ परिक्रमा में ऐसी सामने आई कि 24 घंटे श्रद्धालुओं द्वारा लगातार परिक्रमा की जा रही है। समापन के चलते श्रद्धालुओं के पहुंचने का बढता सिलसिला सामने आया है जहां पहुंच रहे श्रद्धालु यह कहने से नहीं रुक रहे कि धन्य है भैंसाना।

30 वर्ष की तपस्या के बाद बृजकिशोर गुडडा ने किया अन्न-जल ग्रहण

श्री राम महायज्ञ में अनूठा वाक्या उस समय सामने आया जब हरिद्वार का गंगाजल और फल का सेवन करके श्री हनुमान जी की तपस्या करने वाले पंडित बृजकिशोर गुडडा महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं के निवेदन पर 30 वर्षों के बाद अन्न-जल ग्रहण किया। यह ऐसा नजारा था जहां विशाल भोजन-प्रसादी के भण्डारे के बीच श्रद्धालुओं ने गुडडा महाराज के सामने जयकारों के साथ प्रसादी ग्रहण करने की भावना व्यक्त की थी।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक गुना द्वारा, दीपक सेन के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता विनय शास्त्री पुत्र श्री आदेश मित्र शास्त्री द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 77, सर्वे नं 357 मिन, भूखण्ड क्र. बी-55, क्षेत्रफल 600 वर्गफीट ग्राम कुशमौदा तह. व जिला गुना का विक्रय किया था, जो क्रेता श्रीमति मुन्नीदेवी साहू पत्नि श्री कैलाश नारायण साहू द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता. क्र. 317 पुस्तक क्र. अ1/4916 दिनांक 01.05.2008 है, उक्त दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं।

यदि किसी व्यक्ति को मिला हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें।

उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एडवोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155

आवश्यकता है

नवभारत कार्यालय गुना में संवाददाता एवं विज्ञापन सहायक की आवश्यकता है।
योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-

मो.-8770865007
gmnbbopal@gmail.com